मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक
उल्हास विकास
वर्ष : 41 ■ अंक : 283 ■ शुक्रवार, 9 फरवरी 2024 ■ 3 रुपए ■ पृष्ठ 4
ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now /ulhasvikas संपादक - हीरो अशोक बोधा (BMM, L.LB.) Mobile.:- 9822045566
epaper.ulhasvikas.com



पृष्ठ... 4 पर पढ़ें..

**फीस लेकर भी सोनाक्षी पर कार्यक्रम नहीं करने का आरोप**

# 7 लोगों ने बेरहमी से युवक की कर दी हत्या, 3 गिरफ्तार

- पुलिस को मिली कामयाबी
- कुछ ही घंटों में आरोपियों को पकड़ा
- फरार आरोपियों की तलाश जारी

⏩ करन बोधा



**उल्हासनगर.** गुरुवार तड़के उल्हासनगर-3 स्थित फॉलोवर चौक के पास इमलीपाड़ा इलाके में राहुल जयसवाल नामक 25 वर्षीय युवक की आंखों में मिर्च स्प्रे फेंककर बेरहमी से 7 लोगों ने मिलकर हत्या कर दी। पुलिस ने इस मामले में अब तक 3 लोगों को हिरासत में लिया है. चौंकाने वाली बात यह है कि मृत युवक ने उस गैंगस्टर के खिलाफ मामला दर्ज कराया था, जो उसकी बाइक जलाने का मुख्य आरोपी था। इसी



मृत युवक की मां व परिजन

अपराध को वापस लेने के विवाद में युवक की हत्या कर दी गई।

मिली जानकारी के अनुसार मृतक राहुल जयसवाल का परिसर में रहने वाले बाबू ढकनी और उसके साथियों के साथ कई सालों से विवाद चल रहा था. इसी विवाद के चलते कुछ साल पूर्व बाबू ढकनी ने राहुल की बाइक भी जला दी थी।

इस मामले में बाबू को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था. इससे दोनों के बीच तकरार बढ़ गया। इसी तकरार के चलते बाबू ढकनी ने बसंत ढकनी, प्रणय शेट्टी, करण ढकनी, संतोष साल्वे, प्रफुल्ल कुमावत, रॉबिन करोतिया के साथ मिलकर अंजाम तक लाया और राहुल के घर पर पथराव किया. जैसे ही राहुल पुलिस में शिकायत लिखाने बाहर आया आरोपियों ने बेरहमी से उसे पीटा और उसकी आंखों में मिर्च स्प्रे और सर पर कडप्पा की लादी मारकर उसकी निर्मम हत्या कर दी। इस घटना से परिसर में तनाव है।



हत्या में शामिल आरोपी

पुलिस उपायुक्त डॉ. सुधाकर पठारे, सहायक पुलिस आयुक्त अमोल कोली, वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक विजय वाघमारे के मार्गदर्शन में अपराध जांच टीम ने विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की और बसंत ढकनी, प्रणय शेट्टी और संतोष साल्वे को गिरफ्तार कर लिया।

साथ ही इस मामले में फरार रॉबिन करोतिया, जोकि पहले से ही शहर से तड़ीपार है, लेकिन पुलिस को धोखा देकर शहर में रह रहा था। मृतक राहुल जयवाल की मां ने मीडिया को बयान दिया है कि जब तक सभी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो जाती, तब तक राहुल के शव को हम नहीं लेंगे।

## विक्की 12 फरवरी तक रिमांड में



- गणपत गायकवाड़ 14 तक रिमांड में
- फायरिंग कांड में और होंगे खुलासे

**उल्हासनगर.** शिंदे गुट के शिवसेना शहर प्रमुख महेश गायकवाड़ पर फायरिंग के मामले में फरार तीन आरोपियों में से विधायक गणपत गायकवाड़ के करीबी पदाधिकारी दिवेश उर्फ विक्की गणात्रा को पुलिस ने मंगलवार रात को गिरफ्तार किया था। विक्की को आज उल्हासनगर कोर्ट में पेश किया गया जहां माननीय न्यायाधीश ने उन्हें 12 फरवरी तक पुलिस हिरासत में भेज दिया.हिललाइन पुलिस स्टेशन में वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक के कक्ष में विधायक गणपत गायकवाड़ द्वारा महेश गायकवाड़ पर की गई फायरिंग के मामले में हर दिन नए तथ्य सामने आ रहे हैं। ज्ञात हो कि महेश

**विधायक गायकवाड़ फायरिंग मामला**



गायकवाड़ को गोली मारने से कुछ सेकंड पहले, विधायक के बेटे वैभव गायकवाड़ और विक्की गणात्रा वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक के कार्यालय से बाहर चले गए। इसलिए वह भी मुख्य छह आरोपियों में शामिल है. साथ ही विक्की गणात्रा को विधायक गायकवाड़ का करीबी कार्यकर्ता बताया जाता है। सोशल मीडिया पर विक्की गणात्रा की बीजेपी के उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस और केंद्रीय मंत्री कपिल पाटिल के साथ फोटो से उनकी बीजेपी के वरिष्ठ नेताओं से नजदीकियों का पता चलता है.

## विट्ठलवाड़ी से सुजुकी एक्सेस बाइक चोरी

**उल्हासनगर.** विट्ठलवाड़ी स्थित उद्योग विहार इंडस्ट्रियल इस्टेट में खड़ी की गई सुजुकी एक्सेस बाइक चोरी हो गई. जिसकी कीमत 15 हजार रुपए है.

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रवीण सेवकराम सोनतुसरे (47) ने अपनी सुजुकी कंपनी की एक्सेस बाइक (क्र. एमएच 05 बीएक्स 6772) विट्ठलवाड़ी के पास उद्योग विहार इंडस्ट्रियल इस्टेट में गाला नं. 2 के बगल खड़ी की थी. 6 फरवरी की रात 8 से 8.30 के दरम्यान कोई बाइक चोरी कर ले गया. सेंट्रल पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज किया है. सहायक पुलिस निरीक्षक महेश बंडगर मामले की जांच कर रहे हैं.

### क्राइम डायरी...

## गोवा टूर के बहाने आनलाइन 33 हजार रुपए ठगे

**उल्हासनगर.** गोवा जाने के लिए इंटरनेट पर टूर पैकेज का पता करना एक शख्स को भारी पड़ गया.





आरोपी ने टूर पैकेज के लिए आनलाइन 33 हजार रुपए लेकर ठगी की है.

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार उदयकुमार राजू सेंगुनथर (39) गोवा जाने के लिए गूगल पर टूर पैकेज सर्च कर रहे थे. उन्होंने WWW.THRILLMYTRAVEL.IN साइट पर कुणाल राणा से मो. नं. 7470407455 पर संपर्क किया. आरोपी ने गोवा टूर के 3 दिन 2 रात के पैकेज के लिए 33 हजार रुपए आनलाइन ले लिए. बाद में ठगी का शिकार होने के पता चलने पर उदयकुमार ने अंबरनाथ पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई. घटना 21 नवंबर से 29 दिसंबर के बीच की है. पुलिस ने आईटी अधिनियम 2000 की धारा 66 (ड) के तहत अपराध दर्ज किया है.

# मनपा कार्यालय में 'अर्धनग्न आंदोलन'

- सफाई मजदूरों को हो रहा आर्थिक शोषण
- न्यूनतम वेतन कानून के अनुसार नहीं हो रहा भुगतान

**उल्हासनगर.** पिछले 10 वर्षों से, शहर में कचरा इकट्ठा करने के लिए मनपा द्वारा अनुबंधित कोणार्क एनव्हायरो ठेकेदार द्वारा श्रमिकों का शोषण किया जा रहा है और उन्हें अनिवार्य न्यूनतम वेतन नहीं मिल रहा है. ऐसा आरोप लगाने वाले श्रमिक संगठन लढ़ा के नेता संदीप गायकवाड ने उल्हासनगर महानगर पालिका में श्रमिकों के संघर्ष को लेकर उपायुक्त अशोक नाइकवाडे के कक्ष में अर्धनग्न होकर विरोध प्रदर्शन किया. दिलचस्प बात यह है कि गायकवाड़ शिंदे गुट के शिवसेना उपप्रमुख भी हैं।



पिछले दस वर्षों से महानगर पालिका के सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन का काम कोणार्क एनविरो द्वारा संभाला गया है। इसके लिए महानगर पालिका कोणार्क एनवायरो कंपनी को प्रतिदिन करीब साढ़े आठ लाख रुपये का भुगतान करती है। इसमें घरों से कूड़ा एकत्र कर उसे डंपिंग ग्राउंड तक पहुंचाने और उसे वहीं नष्ट करने तथा जीरो वेस्ट अभियान को लागू करने के लिए यह राशि दी जाती है।

साथ ही प्रभाग समिति तीन में कोणार्क कंपनी के 270 ठेका श्रमिक सड़क सफाई व अन्य कार्य कर रहे हैं. लढ़ा श्रमिक संगठन के संदीप गायकवाड़ ने आरोप लगाया है कि 850 से अधिक श्रमिकों को प्रतिमाह पांच से आठ हजार रुपये तक का आर्थिक शोषण किया जा रहा है.

संदीप गायकवाड ने मनपा प्रशासन एवं सहायक श्रम आयुक्त कोणार्क एनवायरो से पत्र व्यवहार किया था। सुनवाई 26 सितंबर 2023 को समाप्त हुई. श्रम आयुक्त अ. वि. क्षीरसागर ने मनपा आयुक्त अजीज शेख को आदेश दिया था कि मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी अधिनियम के तहत भुगतान किया जाये.

लेकिन उसके बाद भी लढ़ा श्रमिक संगठन के संदीप गायकवाड ने पिछले सप्ताह महानगर पालिका मुख्यालय के सामने भूख हड़ताल की क्योंकि कोणार्क के सफाई कर्मचारियों को अभी भी न्यूनतम वेतन कानून के अनुसार भुगतान नहीं किया जा रहा है।

जब मनपा की बैठक में संदीप गायकवाड आये तो मनपा आयुक्त अजीज शेख और कोणार्क कंपनी के प्रशासनिक अधिकारी अनुपस्थित थे. जब संदीप गायकवाड उपायुक्त मुख्यालय अशोक नाइकवाडे के कक्ष में जवाब मांगने गये तो संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर संदीप गायकवाड फर्श पर बैठ गये और अर्धनग्न होकर प्रदर्शन करने लगे.

इसके बाद सार्वजनिक स्वास्थ्य उपायुक्त सुभाष जाधव और मनीष हिवरे ने गायकवाड़ से चर्चा की और आश्वासन दिया कि जल्द ही एक बैठक बुलाई जाएगी, गायकवाड़ ने विरोध वापस ले लिया.

# नागरिकों के कड़े विरोध के कारण देशी शराब का लाइसेंस रद्द

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर नेहरू चौक परिसर स्थित संतोषी माता नगर में कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा पैसे के बल पर अवैध रूप से देशी शराब का लाइसेंस प्राप्त कर इलाके का वातावरण प्रदूषित करने की योजना को पूर्व भाजपा नगरसेवक राजेश वधारिया ने विफल कर दिया और आखिरकार उत्पाद शुल्क विभाग ने सभी लाइसेंस रद्द कर दिये. जिसके बाद स्थानीय नागरिकों ने खुशी मनाई।

बैरक नंबर 521 संतोषी माता नगर, उल्हासनगर कैंप 2, हनीमून कॉटेज में देशी शराब का लाइसेंस जारी किया गया था. उत्पाद विभाग ने बिना जांच किए रिहायशी इलाकों में देशी शराब का लाइसेंस कैसे दिया, यह सवाल उठने के बाद स्थानीय नागरिकों ने इसकी शिकायत पूर्व भाजपा नगरसेवक राजेश वधारिया से की.





वधारिया ने स्थानीय नागरिकों के साथ शिवसेना सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे से मुलाकात की थी और देशी शराब दुकान का लाइसेंस रद्द करने की मांग की थी. इस बीच डॉ. श्रीकांत शिंदे ने तुरंत संबंधित विभाग के अधिकारियों को लाइसेंस रद्द करने का निर्देश दिया. इस क्षेत्र में देशी शराब का कारोबार बंद होने से स्थानीय नागरिकों विशेषकर महिलाओं ने सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे और राजेश वधारिया को धन्यवाद दिया है.

# डांस बार बाजार में ग्राहक की पिटाई

**100 डेज़ डांस बार फिर चर्चा में**

- वीडियो बनाने पर ग्राहक को बेरहमी से पीटा

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर-4 श्रीराम चौक परिसर जिसे डांस बार का बाजार भी कहा जाता है वहां की विवादास्पद डांस बार 100 डेज़ फिर एक बार सुर्खियों में आ गई है। इस डांस बार में आए कुछ ग्राहकों द्वारा वीडियो बनाने को लेकर डांस बार के चालकों ने जमकर पिटाई कर दी गई। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। आश्चर्य की बात यह है कि इन डांस बारों पर पुलिस तमाशाबीन बन बैठी है। विट्ठलवाड़ी व मध्यवर्ती पुलिस थाने में कई ऐसे डांस बार है जहां अपराधिक प्रवृत्ति के लोग ग्राहक बनकर आते हैं। इस घटना की शिकायत पुलिस तक भी क्यों नहीं पहुंची है जबकि इस चौक पर पुलिस 24 घंटे तैनात रहती है।

# अंबरनाथ पालिका में प्रवेश करने के लिए नियम लागू

- काम के सिलसिले में आनेवालों के लिए समय की पाबंदी
- नपा मुख्याधिकारी ने बनाए सख्त नियम

⏩ यूसुफ शेख

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ नगर परिषद कार्यालय में अपना काम लेकर आनेवाले नागरिकों के लिए आवश्यक नियम बहुत जल्द लागू होंगे. इस दृष्टि से प्रशासन ने तैयारी शुरू की है. कार्यालय प्रवेश द्वार पर नियमावली लगाई गई है.

विदित हो कि अंबरनाथ नगर परिषद की नई इमारत में कामकाज शुरू हो चुका है. ग्राउंड फ्लोर के साथ सुसज्ज दो मंजिली इमारत में अधिकारियों की केबिन, गृहकर कार्यालय, स्वास्थ्य विभाग, बांधकाम विभाग, मुख्याधिकारी, नगराध्यक्ष, उप नगराध्यक्ष के दालान, सभागृह बनाए गए हैं. जहां शहर के विकास काम किए जा रहे हैं. पहली मंजिल पर एक पत्रकार कक्ष भी है. मुख्याधिकारी, उप मुख्याधिकारी, अति. मुख्याधिकारी से पहले अनुमति लेकर और सभी विभाग प्रमुखों से सोमवार से शुक्रवार तक दोपहर 12 से 1.30 बजे तक भेंट करने का समय रखा गया है. पूर्व नगरसेवक, नगराध्यक्ष, सरकारी अधिकारियों के लिए समय का कोई बंधन नहीं रखा गया है. ऐसा प्रशासन की ओर से जाहिर किया गया है. सरकारी कामों में बाधा न आए इसलिए ये समय निश्चित किया गया है.





नपा कार्यालय में प्रवेश करने वालों को अपना पहचान पत्र नपा के मुख्य द्वार पर सुरक्षा रक्षक को बताना होगा. इसके साथ ही सुरक्षा रक्षक को ये भी जानकारी देनी होगी कि कौन से विभाग के अधिकारी और किस काम से भेंट करना है. फिर सुरक्षा रक्षक द्वारा पास दिया जाएगा. कार्यालय में काम होने के बाद वापस जाते हुए रजिस्ट्री में दर्ज करके दिया गया पास वापस करना है. पालिका में आनेवालों के फोटो भी निकाले जाएंगे. 10 जनवरी 24 को ये नियमावली नपा प्रवेश द्वार पर लगाई गई है.

# व्यापारी नेता जगदीश तेजवानी के नेतृत्व में भाजपा व्यापारी सेल हो रहा मजबूत



- जींस व्यापारी कुणाल रोहरा ने किया प्रवेश
- जिला सचिव पद पर नियुक्ति

उल्हासनगर। उल्हासनगर शहर के व्यापारी नेता व भाजपा व्यापारी सेल के जिलाध्यक्ष जगदीश तेजवानी व्यापारी सेल को मजबूत बना रहे हैं और इसी कड़ी में उनके साथ सैकड़ों की संख्या में व्यापारी समाविष्ट हो रहे हैं। उल्हासनगर-5 के प्रसिद्ध जींस व्यापारी कुणाल रोहरा ने व्यापारी नेता तेजवानी में अपना विश्वास जताते हुए व्यापारी सेल में प्रवेश किया है। तेजवानी ने उन्हें उल्हासनगर जिला व्यापारी सेल के सचिव पद पर नियुक्त किया है। श्री तेजवानी ने कहा कि कुणाल पिछले काफी समय से जीन्स व्यापारियों के लिए काम कर रहे हैं और इसको देखते हुए ही उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है।

व्यापारी नेता तेजवानी ने आगे कहा कि कैम्प 5 के जीन्स व्यापारियों की कई समस्याएं हैं जिसमें मुख्य तौर पर जीन्स वान्श कारखानों का समावेश है। इन व्यापारियों की समस्याओं हेतु उन्होंने प्रशासन से उनकी समस्याओं को काफी हद तक सुलझाने का प्रयत्न किया है। तेजवानी के इसी मार्गदर्शन से प्रेरित होकर कुणाल ने भाजपा व्यापारी सेल में प्रवेश किया है। अब जीन्स व्यापारियों की जिम्मेदारी कुणाल रोहरा को दी गई है। रोहरा को मिली इस नई जिम्मेदारी पर जीन्स व्यापारियों ने उन्हें बधाई दी उस समय वहां व्यापारी नेता जगदीश तेजवानी, सुनील सुखेजा, दिनेश मीरचंदानी, राजेश गनेजा, किशोर ताराचंदानी, नितिन पाल, गिरीश डिंगरा सहित व्यापारी मौजूद रहे। 11 फरवरी को महाराष्ट्र भाजपा व्यापारी सेल के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र कुकरेजा उल्हासनगर के दौरे पर आ रहे हैं जहां वो व्यापारियों की समस्या सुनेंगे ऐसा तेजवानी ने बताया।

## अंबरनाथ के दास ने 50 वर्ष बॉडी बिल्डर मुकाबलों में सिल्वर मेडल जीता



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ के जितेंद्र दास ने ठाणे जिला 50 वर्ष से ऊपर के मुकाबले में दूसरे क्रमांक पर रहकर चांदी का मेडल जीता है. ये मुकाबले कल्याण के चिकनघर में हुए. जिसमें अंबरनाथ, उल्हासनगर, कल्याण, ठाणे से 20 से ज्यादा बॉडी बिल्डरों ने भाग लिया. दास अंबरनाथ पश्चिम के मोरीवली निवासी हैं और बॉडी बिल्डर के कई मुकाबलों में उन्होंने जीत हासिल की है. ठाणे जिला बॉडी बिल्डर एसोसिएशन द्वारा ये मुकाबले आयोजित किए गए थे. मुख्य अतिथि पूर्व विधायक भाजपा के नरेंद्र चव्हाण थे. दास को सिल्वर मेडल प्राप्त होने पर शहर के नेताओं ने उन्हें बधाई दी है.

# अंबरनाथ में शिवसेना द्वारा रोजगार मेला आयोजित

**700 बेरोजगारों को रोजगार मिलेगा -डॉ. किणीकर**

⏩ उल्हास विकास संवाददाता

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ में शिवसेना द्वारा आयोजित रोजगार मेले को अभूतपूर्व प्रतिसाद मिला है. इस रोजगार मेले से 700 बेरोजगारों को रोजगार का लाभ मिला है. मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे के जन्मदिवस के अवसर पर डॉ. श्रीकांत शिंदे फाउंडेशन व किणीकर विकास प्रतिष्ठान के संयुक्त तत्वावधान में विधायक डॉ. बालाजी किणीकर के संयोजन से शहर पश्चिम के महात्मा गांधी विद्यालय सभागृह में युवकों के लिए इस रोजगार मेले का आयोजन किया गया था. इस रोजगार मेले से सैकड़ों युवक-युवतियों को रोजगार का अवसर मिला है. पांच घंटे तक चले रोजगार मेले से 700 बेरोजगारों को रोजगार मिला है. 70 से भी ज्यादा कंपनियों के माध्यम से रोजगार का अवसर उपलब्ध करा कर दिया गया है. इस मेले में पूर्व नगराध्यक्ष सुनिल चौधरी, उल्हासनगर सेना शहर प्रमुख राजेंद्र चौधरी, परशुराम पाटिल, पुरुषोत्तम उगले, नंदकुमार भागवत, सुभाष सालुंखे, रविंद्र करंजुले, विनोद जाधव, शैलेष भोईर, राखी जाधव, सुवर्णा सालुंखे, अनिता लोटे, निशांत पाटिल के साथ महिला, युवक शिवसैनिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे. रोजगार मिलने से बेरोजगार युवाओं के चेहर पर खुशी देखी गई. उन्होंने कहा कि ऐसा मेला शिवसेना द्वारा एवं विधायक किणीकर द्वारा ही ज्यादा किया जाता है, जिससे हर वर्ष सैकड़ों बेरोजगारों को रोजगार प्राप्त होता है.



## शराबी के खिलाफ मामला दर्ज

**उल्हासनगर.** शिवशक्ति कालोनी, उल्हासनगर-3 में शराब पीकर हंगामा करने वाले युवक के खिलाफ सेंट्रल पुलिस में मामला दर्ज किया गया है.

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सचिन प्रकाश नांद्रेकर (26) बुधवारी की रात 9.35 बजे के करीब शिवशक्त कालोनी , अमन टाकीज रोड, उल्हासनगर-3 में शराब पीकर हंगामा कर रहा था. पुलिस सिपाही महेशा विठोबा बगाड की शिकायत पर शराब पीकर सार्वजनिक स्थान पर हंगामा करने के आरोप में उसके खिलाफ महाराष्ट्र दारूबंदी अधिनियम की धारा 85 (1) के तहत अपराध दर्ज किया गया है. सहायक उप निरीक्षक मालशेटे मामले की जांच कर रहे हैं.

# PM बोले- प्रार्थना करता हूं, कांग्रेस 40 सीटें बचा ले!



- कहा- कमांडर नहीं हैं तो खड़गे जी खुलकर बोल रहे
- युवराज का स्टार्टअप लॉन्च ही नहीं हो रहा

**नई दिल्ली.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर बोल रहे थे। 90 मिनट की स्पीच की शुरुआत उन्होंने कांग्रेस से की और मोदी 3.0 पर खत्म की। वे नेहरू, राहुल, OBC, एससी-एसटी, आरक्षण और PSU समेत कई मुद्दों पर बोले। उन्होंने युवराज और कमांडर जैसे शब्द भी इस्तेमाल किए। PM ने सरकार कंपनियों के बंद करने के आरोपों का भी जवाब दिया, कहा- कांग्रेस ने अपने युवराज को स्टार्टअप बनाकर दिया है। ना वो लिफ्ट हो रहा है और ना ही वो लॉन्च हो रहा है। प्रचार किया जा रहा है कि PSU बंद हो गए। 2014 में देश में 234 PSU थे। आज 254 हैं। भाई कौन सा अर्थमेटिक वो जानते हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा- कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे जी ने सदन में खुलकर बोला था। उनके दो कमांडर नहीं हैं। उन्होंने मुझे 400 सीटों का आशीर्वाद दिया। पश्चिम बंगाल से आपको जो चैंलेज मिला है कि कांग्रेस 40 पार नहीं कर पाएगी। मैं प्रार्थना करता हूं कि आप 40 बचा पाएं। मोदी का इशारा ममता बनर्जी की ओर था।

PM के बयान पर खड़गे ने कहा- जिन लोगों ने महात्मा गांधी की डांडी यात्रा में और भारत छोड़ो आंदोलन में भाग नहीं लिया, वे लोग कांग्रेस को राष्ट्रभक्ति का पाठ पढ़ाते हैं। वे लोग ऐसे बात करते हैं कि जैसे उन्होंने ही 2014 में देश को आजादी दिलाई है लेकिन उन्हें ये याद नहीं है कि देश को 1947 में आजादी मिली।

### राहुल-कांग्रेस पर 5 तंज

1. "कांग्रेस पार्टी सोच से भी आउटडेटेड हो गई है। जब सोच ही आउटडेटेड है इन्होंने अपना कामकाज भी आउटसोर्स कर दिया है।"
2. "अपने युवराज को स्टार्टअप बनाकर दिया है। वो नॉन स्टार्टर हैं। ना वो लिफ्ट हो रहा है और ना ही वो लॉन्च हो रहा है।"
3. "एक कमांडो यहां नहीं है। LIC को लेकर बयान देते थे। ऐसा हो गया, वैसा हो गया। किसी को बर्बाद करना है अफवाह और झूठ फैलाओ।"
4. "कांग्रेस ने अब देश को तोड़ने का नैरेटिव गढ़ना शुरू कर दिया है। अब देश को उत्तर-दक्षिण में तोड़ने के बयान दिए जा रहे हैं।"
5. "कांग्रेस के 10 सालों में भारतीय अर्थव्यवस्था नाजुक स्थिति में थी। दूसरी ओर हमारे 10 सालों में भारत टॉप पांच अर्थव्यवस्थाओं में से एक रहा है।"

## किसानों का दिल्ली मार्च

- हाईवे जाम
- पुलिस बैरिकेडिंग तोड़ किसान चिल्ला बॉर्डर की तरफ बढ़े
- 200 हिरासत में
- नोएडा एक्सप्रेस वे बंद



**नई दिल्ली.** नोएडा प्राधिकरण के खिलाफ धरने पर बैठे किसानों ने दिल्ली की तरफ कूच किया है। संसद का घेराव करके विरोध जताने की तैयारी है। किसानों के मूवमेंट की वजह से यूपी-दिल्ली हाईवे जाम हो गया है। नोएडा एक्सप्रेस-वे बंद किया गया है।

जगह-जगह किसानों को रोका जा रहा है। पुलिस के साथ किसानों की नोकझोंक की सूचना आ रही है। ट्रैक्टर-ट्रॉली और पैदल ही दिल्ली की तरफ बढ़ रहे 200 किसानों को हिरासत में लिया गया है। चिल्ला बॉर्डर से पहले प्रेरणा स्थल के पास सड़क पर गाड़ियां लगाकर किसानों को रोका गया।

करीब 1 घंटे की वार्ता के बाद किसानों ने बैरिकेडिंग तोड़ दी। चिल्ला बार्डर की तरफ बढ़ने लगे। हालांकि, फिर किसानों को रोका गया है। वहीं, पुलिस ने बुजुर्ग महिलाओं को बसों में बैठाया। इसके अलावा धरना रथ किसानों को भी बसों के जरिए लेकर जा रहे हैं।

### महापंचायत के बाद हुआ संसद घेराव का ऐलान

नोएडा, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण, NTPC और अंसल बिल्डर के खिलाफ नोएडा के किसान 60 दिन से प्रदर्शन कर रहे हैं। उनके साथ 3 किसान संगठन भी हैं। NTPC में तालाबंदी हो चुकी है। लेकिन, किसानों की मांगों पर सहमति नहीं बन सकी है। इसलिए बुधवार को हुई महापंचायत में दिल्ली संसद घेराव का ऐलान किया गया। इसको देखते हुए प्रशासन ने धारा-144 लागू कर दी है।

## खबरें गांव की...

### यूपी के 11 गांवों के किसानों को बड़ा लाभ, चार गुना ज्यादा मिलेगा मुआवजा

**मुरादाबाद.** यूपी के 11 गांवों के किसानों के लिए अच्छी खबर है। इन गांवों के किसानों को बड़ा लाभ मिलने जा रहा है। इन किसानों को सर्किल रेट से चार गुना ज्यादा मुआवजा दिया जाएगा। मुरादाबाद नई टाउनशिप 'शिवालिक योजना' का रास्ता साफ हो गया है। डीएम की अध्यक्षता में गठित समित द्वारा जमीन की दर निर्धारित कर दी गई है। किसानों को सर्किल रेट से चार गुना अधिक का मुआवजा दिया जाएगा। पहले चरण में डिडौरा, डिडौरी व रसूलपुर सुनवाती गांव की किसानों की जमीन क्रय की जाएगी। बड़ी संख्या में किसान जमीन बेचने के लिए अपनी लिखित रूप से सहमति जता चुके हैं। शीघ्र ही संबंधित गांवों के किसानों से एमडीए के पक्ष में रजिस्ट्री करने की कार्रवाई शुरू कर दी जाएगी। नई टाउनशिप बसाने के लिए एमडीए 11 गांवों की 1250 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण करेगा।

### ज्ञानवापी के समर्थन में लगाए गए आपत्तिजनक पोस्टर, पूरे जिले में अलर्ट

पीलीभीत. पीलीभीत शहर से सटे ग्राम चिड़िया दहा में किसी शरारती तत्व ने ज्ञानवापी के समर्थन में घरों के बाहर आपत्तिजनक पोस्टर चिपका दिए। जिससे पूरे गांव में आक्रोश फैल गया। सूचना मिलने पर अपर पुलिस अधीक्षक,सीओ सिटी समेत भारी संख्या में फोर्स मौके पर पहुंच गया। थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के ग्राम चिड़िया दहा में गुरुवार दोपहर घरों के बाहर आपत्तिजनक पोस्टर चिपके हुए देखे गए। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। आनन फानन में मौके पर पहुंची पुलिस ने घरों के बाहर लगे पोस्टर को हटवा दिया और ग्रामीणों से शांति बनाए रखने की अपील की।

### प्रधान पति की गोली मारकर हत्या

**मेरठ.** मेरठ में मुंडाली क्षेत्र के गांव रछौती में बुधवार शाम प्रधान के पति की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मामूली बात को लेकर प्रधान और पूर्व प्रधान पक्ष में विवाद हुआ। इसके बाद दोनों परिवार के लोग आ गए। मामले में तीन आरोपियों को नामजद और कुछ अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी गई है। गांव में पुलिस तैनात की गई है। गांव रछौती में वर्तमान में प्रधान प्रियंका पत्नी विजय कुमार उर्फ रावत है। विजय कुमार (30) का प्रधानी चुनाव को लेकर कुनबे के ही मोहित से विवाद चल रहा है। बुधवार शाम विजय कुमार का भांजा ओम धामा निवासी अटौड़ा थाना मवाना, रछौती गांव में ही था और दुकान पर सामान लेने गया था। वहां मोहित पहले से ही बैठा था। मोहित और ओम धामा के बीच घूरने को लेकर हाथापाई हो गई।

### पुलिस एनकाउंटर में चार बदमाश गिरफ्तार

**पीलीभीत.** पीलीभीत में लूट की घटना को अंजाम देने की सूचना पर दबिश देने पहुंची पुलिस पर बदमाशों ने फायर झोंक दिया। मुठभेड़ में गोली लगने से एक बदमाश घायल हो गया। सीएचसी में भर्ती आरोपी बदमाश को जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। भाग रहे तीन अन्य आरोपियों को पुलिस ने दबोच लिया। मंगलवार की रात गैरतपुर जप्ती से सिरसा जाने वाले रोड की पुलिया पर कुछ बदमाशों द्वारा लूट की योजना बनाने की सूचना कोतवाली पुलिस को मिली। इस पर कोतवाल प्रवीण कुमार ने पुलिस टीम के साथ दबिश दी। खुद को घिरता देख बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में कोतवाली क्षेत्र के गांव ढका निवासी अंसार पुत्र आजाद के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया।

## नवजोत सिद्धू का केंद्र सरकार पर हमला

- बोले- पंजाब पूरी तरह से कर्नाटक के हक में
- दोनों एक ही टाइटैनिक जहाज पर सवार



**नई दिल्ली.** पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी (PPCC) के पूर्व प्रधान व क्रिकेटर नवजोत सिंह सिद्धू ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर हो रहे प्रदर्शन में कर्नाटक सरकार के हक में आवाज उठाई है। इसके साथ ही केंद्र पर भी हमला किया है कि राज्यों का संघ मिलकर ही केंद्र को बनाता है। यहां से एकत्रित पैसे से केंद्र को फंडिंग होती है। ऐसे में राज्यों के साथ भेदभाव ठीक नहीं है। नवजोत सिंह सिद्धू ने ट्वीट कर कहा- कर्नाटक अपनी प्रभावित वित्तीय स्वायत्तता के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहा है, जिसे तमिलनाडु व केरल भी सपोर्ट कर रहे हैं। पंजाब हमारे संघीय ढांचे को बचाने की इस लड़ाई में कर्नाटक का पूरा समर्थन करता है, क्योंकि हम एक ही जहाज टाइटैनिक पर सवार हैं।

## पीएम मोदी-शाह और नड्डा से मिले CM नीतीश कुमार

**बोले- अब कहीं नहीं जाएंगे, लोकसभा चुनाव के लिए सीट शेयरिंग पर बात नहीं**

**नई दिल्ली.** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को PM नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। दोनों के बीच करीब तीस मिनट बात हुई। इसके बाद नीतीश कुमार गृहमंत्री अमित शाह और बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से भी मिले।

मुलाकात के बाद मीडिया से कहा अब यहीं (NDA) रहेंगे। बीच में दो बार जरूर इधर-उधर हुए, लेकिन अब कभी नहीं जाएंगे। हम 1995 से साथ में हैं। लोकसभा चुनाव के लिए NDA में सीट शेयरिंग बोले- अभी इस बारे में बात करने का कोई मतलब नहीं है।





बिहार में NDA सरकार बनने के बाद CM नीतीश की PM मोदी से ये पहली मुलाकात है। इससे पहले पिछले साल सितंबर में G20 के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की डिनर पार्टी में दोनों नेताओं की मुलाकात हुई थी।

सीएम नीतीश कुमार के कारकेड को पीएम के गुजरने का इंतजार करना पड़ा। इसके कारण उन्हें लगभग 10 मिनट तक ट्रैफिक में रुकना पड़ा। दरअसल, जब नीतीश कुमार 7 लोक कल्याण मार्ग (पीएम हाउस) जा रहे थे, उसी दौरान पीएम का काफिला संसद से पीएम हाउस पहुंच रहा था। पीएम का रुट निर्धारित था। सीएम नीतीश कुमार को उनका काफिला गुजर जाने और क्लीयरैंस मिल जाने तक ट्रैफिक में ही रुकना पड़ा। इस दौरान स्पेशल ब्रांच के गार्ड उनकी गाड़ी को घेरे रहे।

### 5 महीने पहले हुई थी मुलाकात

9 सितंबर 2023 को दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित भारत मंडपम में राष्ट्रपति की तरफ से आयोजित गाला डिनर में पहुंच गए। यह डिनर राष्ट्रपति ने जी- 20 सम्मेलन में आए विदेशी मेहमानों के सम्मान में दिया था। इस दौरान नीतीश कुमार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मुलाकात हुई थी।

## केंद्र की टैक्स नीतियों के खिलाफ केरल सरकार का जंतर-मंतर पर प्रदर्शन

- दिल्ली में केजरीवाल-भगवंत मान भी मौजूद
- CM विजयन बोले- हम एकजुट होकर लड़ेंगे




**नई दिल्ली.** दिल्ली के जंतर-मंतर में केंद्र सरकार की टैक्स नीतियों के खिलाफ केरल सरकार गुरुवार (8 फरवरी) को प्रदर्शन कर रही है। इसमें केरल के CM पिनरई विजयन, दिल्ली CM अरविंद केजरीवाल, पंजाब CM भगवंत और CPM महासचिव सीताराम येचुरी शामिल हुए।

इस दौरान विजयन ने कहा- आज का दिन भारत के इतिहास में एक अहम दिन होने जा रहा है। हम एकजुट होकर लड़ेंगे। हम यहां भारत के संघीय ढांचे को सुरक्षित रखने के लिए एक साथ आए हैं। हम एक लड़ाई की शुरुआत कर रहे हैं, जो राज्यों के साथ समान व्यवहार सुनिश्चित करने की शुरुआत करेगी।

बुधवार (7 फरवरी) को इसी मुद्दे पर कर्नाटक सरकार ने भी जंतर-मंतर पर प्रोटेस्ट किया था। इसमें कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और डिप्टी CM डीके शिवकुमार शामिल हुए थे। कर्नाटक और केरल के अलावा तमिलनाडु, तेलंगाना भी केंद्र सरकार पर फंड के बंटवारे में भेदभाव का आरोप लगा चुके हैं।

### क्यों प्रदर्शन कर रही हैं राज्य सरकार?

केरल और कर्नाटक सरकार केंद्र से मिलने वाले टैक्स शेयर और फंड के बंटवारे को लेकर हो रहे भेदभाव के खिलाफ आवाज उठा रही है। 15वें फाइनेंस कमीशन के लागू होने के बाद केंद्र की तरफ से मिलने वाले टैक्स शेयर में कर्नाटक की हिस्सेदारी 4.17% से घटकर 3.64% रह गई। इसकी वजह से राज्य को टैक्स में 62,098 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। केरल और कर्नाटक की सरकार के मुताबिक के मुताबिक भाजपा शासित प्रदेशों को ज्यादा फंड दे रही है।

## AAP बोली- ED का जल बोर्ड घोटाले का दावा झूठा:मानहानि का केस करेंगे

**नई दिल्ली.** आम आदमी पार्टी (AAP) ने दिल्ली जल बोर्ड (DJB) से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ED) के आरोपों को सरासर झूठा बताया। AAP ने कहा कि वह पार्टी को बदनाम करने के लिए जांच एजेंसी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करेंगे। AAP ने कहा कि अगर यह सच साबित होता है कि दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारियों या उसके ठेकेदारों ने किसी भी तरह का गलत काम किया है तो हम इसके सख्त खिलाफ हैं। हम ED के इस सरासर झूठे आरोप की भी निंदा करते हैं कि AAP या उसके नेताओं का इस मामले से कोई लेना-देना है। जिन आप नेताओं के घर पर मंगलवार को ED ने छापेमारी की, उनके पास से एक भी पैसा या सबूत बरामद नहीं हुआ है।

## भारत-म्यांमार के बीच फ्री मूवमेंट बंद

- घुसपैठ रोकने के लिए गृह मंत्री शाह का फैसला
- बॉर्डर पर फेंसिंग की घोषणा भी की थी




**नई दिल्ली.** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कहा कि मंत्रालय ने भारत-म्यांमार के बीच फ्री मूवमेंट रिजीम (FMR) को खत्म करने का फैसला लिया है। इससे दोनों देशों के बीच बॉर्डर के पास रहने वाले लोगों का फ्री मूवमेंट बंद हो गया है।

उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर कहा- भारत की आंतरिक सुरक्षा और नॉर्थ-ईस्ट के राज्यों की डेमोग्राफी को बरकरार रखने के लिए यह फैसला लिया गया है। इससे पहले अमित शाह ने असम में 20 जनवरी को ऐलान किया था कि भारत-म्यांमार के बीच बॉर्डर की फेंसिंग की जाएगी। दोनों देशों के बीच फिलहाल 1600 किमी लंबी बॉर्डर है।

### क्या होता है FMR?

भारत म्यांमार के बीच 1600 किलोमीटर का बॉर्डर है। 1970 में दोनों देशों के बीच फ्री मूवमेंट का एग्रीमेंट हुआ था। इसे ही फ्री मूवमेंट रिजीम कहा जाता है। आखिरी बार इसे 2016 में रिन्यू किया गया था। इससे दोनों देशों के लोगों को एक दूसरे के क्षेत्र में बिना किसी डॉक्युमेंट के जाने की इजाजत मिलती है।

### म्यांमार के 600 सैनिक मिजोरम में घुस आए थे

शाह ने यह घोषणा उस वक्त की है जब म्यांमार में विद्रोही गुटों और सेना के बीच लड़ाई तेज हो रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक नवंबर से अब तक भारत में 600 सैनिक घुस आए थे। मिजोरम सरकार ने इस मुद्दे को लेकर केंद्र से मदद मांगी थी।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक जनवरी में म्यांमार से भागे सैनिकों ने मिजोरम के लांग्टलाई जिले के तुईसेंटलांग में असम राइफल्स के पास शरण थी। सैनिकों ने बताया था कि पश्चिमी म्यांमार राज्य के रखाइन में एक हथियारबंद विद्रोही गुट अराकन आर्मी (AA) के उग्रवादियों ने उनके शिविरों पर कब्जा कर लिया, जिसके बाद वे भागकर भारत आए।

## प्रगति मैदान टनल बनाने वाली कंपनी को PWD का नोटिस

**नई दिल्ली.** दिल्ली सरकार के पब्लिक वर्क डिपार्टमेंट (PWD) ने लार्सन एंड टूब्रो (L&T) कंपनी को नोटिस भेजकर प्रगति मैदान टनल की मरम्मत का काम शुरू करने का आदेश दिया है। इसके साथ ही कंपनी पर 500 करोड़ रुपए का जुर्माना भी लगाया है। इसके जवाब में L&T कंपनी ने कहा है कि उन्होंने PWD पर 500 करोड़ रुपए का क्लेम किया है।

PWD ने 3 फरवरी को भेजे गए नोटिस में कंपनी को बताया था कि टनल में कई जगहों पर दीवारों से लगातार पानी लीक हो रहा है। टनल और अंडरपास में कई जगहों पर बड़ी दरारें भी हैं। वहीं, टनल के अंदर ड्रेनेज सिस्टम में भी कई खामियां हैं, जिनकी वजह से टनल में पानी भरने की समस्या होती है। PWD ने कंपनी से 15 दिन में जवाब मांगा है।

## कोहली इंग्लैंड के खिलाफ अगले दो टेस्ट से बाहर

- पारिवारिक कारणों के चलते नहीं खेलेंगे
- जडेजा-राहुल की टीम में वापसी संभव




विराट कोहली इंग्लैंड के खिलाफ 5 टेस्ट मैचों की सीरीज के पहले दो टेस्ट नहीं खेलने के बाद अब अगले दो मुकाबलों से भी बाहर हो गए हैं। ESPN क्रिकइंफो की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत के स्टार बैटर राजकोट और रांची में होने वाले तीसरे और चौथे टेस्ट में भी नहीं खेलेंगे।

वहीं, पहले टेस्ट के दौरान चोटिल हुए रवींद्र जडेजा और केएल राहुल तीसरे टेस्ट के लिए टीम में वापसी कर सकते हैं। दोनों खिलाड़ी विशाखापट्टनम में दूसरे टेस्ट में नहीं खेले थे।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक विराट कोहली पारिवारिक कारणों से ब्रेक पर चल रहे हैं। माना जा रहा है कि वे इस समय विदेश में हैं। दूसरे टेस्ट के बाद उनसे जुड़े सवाल पर कोच राहुल द्रविड़ ने कहा था कि टीम मैनेजमेंट सीरीज के बाकी मैचों के लिए उनकी उपलब्धता जानने के लिए कोहली से संपर्क करेगा।

कुछ दिन पहले एबी डिविलियर्स ने भी एक लाइव स्ट्रीम में कहा था कि कोहली अपने दूसरे बच्चे की उम्मीद कर रहे हैं। मुझे बस इतना पता है कि वे ठीक हैं। कोहली अपने परिवार के साथ कुछ समय बिता रहे हैं (और), यही कारण है कि वें पहले दो टेस्ट मैच नहीं खेले।

### जडेजा और राहुल NCA की निगरानी में

रवींद्र जडेजा हैदराबाद टेस्ट के चौथे दिन इंग्लिश कप्तान बेन स्टोक्स के डायरेक्ट हिट से रन आउट हो गए थे। पवेलियन लौटने के दौरान उन्हें चलने में दिक्कतें हुईं। मैच खत्म होने के बाद जडेजा ने हैदराबाद में ही अपने पैर का स्कैन करवाया। इसके बाद अब में बेंगलुरु में नेशनल क्रिकेट एकेडमी (NCA) की निगरानी में है, जहां वे रिकवरी कर रहे हैं। पहले टेस्ट के बाद केएल राहुल को थाई में दर्द की शिकायत आई थी। वे भी NCA में ही हैं। दोनों की फिटनेस रिपोर्ट अभी नहीं आई है। रिपोर्ट आने के बाद आखिरी फैसला लिया जाएगा।

## ED का दावा..आर्किटेक्ट बिनोद-हेमंत सोरेन के बीच 539 पेज चैट

- जेल अधीक्षक बनाने के लिए 75 लाख का ऑफर
- DC की पोस्टिंग का भी जिक्र



**रांची.** जमीन घोटाले में मनी लॉन्ड्रिंग के तहत गिरफ्तार हेमंत सोरेन और आर्किटेक्ट बिनोद सिंह के बीच चैट होने का ED ने दावा किया है। जांच एजेंसी ने कोर्ट में हेमंत सोरेन और आर्किटेक्ट बिनोद सिंह के बीच 539 पेज के वॉट्सएप चैट होने की बात कही।

इसके कुछ पेज कोर्ट में भी पेश किए। यह चैट ट्रांसफर-पोस्टिंग को लेकर लेन-देन से संबंधित है। इनमें कई गोपनीय सूचनाएं भी हैं। यही नहीं, इसमें झारखंड स्टाफ सेलेक्शन कमीशन (JSSC) की प्रतियोगिता परीक्षा में शामिल कई अभ्यर्थियों के एडमिट कार्ड भी शेयर किए गए हैं।

इस बीच हेमंत सोरेन की रिमांड पांच दिन और बढ़ा दी गई है। ED ने अपनी रिमांड पिटीशन में कहा है कि जिस मोबाइल से बिनोद और हेमंत के बीच चैटिंग हुई, वह मोबाइल पेश करने के लिए कहा था, लेकिन हेमंत सोरेन ने वह मोबाइल ED को नहीं दिया।

### जेल अधीक्षक पद के लिए दो नाम भेजे थे

ED ने कोर्ट को बताया कि बिनोद सिंह ने हेमंत को जो वॉट्सएप चैट भेजा था, उसमें बिरसा मुंडा जेल (होटवार जेल) अधीक्षक पद पर नरेंद्र प्रसाद सिंह और सेंट्रल जेल हजारीबाग में अधीक्षक पद पर जीतेंद्र कुमार की पोस्टिंग के लिए 75 लाख रु. का ऑफर दिया गया था। चैट में पता चला है कि बिनोद ने DC की पोस्टिंग के लिए भी पैरवी की थी।

पांच दिन की रिमांड खत्म होने के बाद बुधवार को ED ने उन्हें PMLA कोर्ट में पेश किया था। जहां ED ने सात दिन की और रिमांड मांगी। कोर्ट ने पांच दिन की रिमांड मंजूर की।

## AIADMK ने कहा- हमारे दरवाजे BJP के लिए बंद

- उन्होंने हमारे नेताओं पर अभद्र टिप्पणी की
- उनके साथ कभी गठबंधन नहीं करेंगे

तमिलनाडु के प्रमुख विपक्षी दल AIADMk ने बुधवार को कहा कि उसने BJP के लिए अपने दरवाजे बंद कर दिए हैं। इसके साथ ही AIADMK ने लोकसभा चुनाव के लिए अब भाजपा के साथ किसी भी तरह के गठबंधन की संभावना को नकार दिया।

AIADMK के सेक्रेटरी डी जयकुमार ने कहा कि अमित शाह ने कहा था कि भाजपा के दरवाजे AIADMK के लिए खुले हैं, लेकिन जहां तक हमारा सवाल है, एक समय था जब भाजपा हमारी सहयोगी पार्टी थी, लेकिन अब हम भाजपा का विरोध करते हैं।

### जयकुमार बोले- भाजपा ने दिग्गज AIADMK नेताओं पर अभद्र टिप्पणी की

जयकुमार ने कहा कि भाजपा नेताओं ने द्रविड राजनीति के दिग्गज सीएन अन्नादुरई और दिवंगत AIADMK सुप्रीमो जे जयालिता को नीचा दिखाया था। हमारी पार्टी की तरफ से लगातार इसकी निंदा करने के बाद भी उनकी तरफ से दिग्गज नेताओं की आलोचना करना बंद नहीं किया गया। हम इसे कैसे स्वीकार कर सकते हैं। दरअसल, तमिलनाडु भाजपा प्रेसिडेंट के अन्नामलई ने कहा था कि सीएन अन्नादुरई ने 1950 में मदुरई में एक इवेंट में हिंदू धर्म के खिलाफ टिप्पणी की थी।

## नवरात्र से श्रीरामलला के पूजन, शृंगार और भोग में बदलाव

**अयोध्या.** अयोध्या के श्रीराम मंदिर में श्रीरामलला शृंगार, अर्चना, भोग, पहनावे आदि में बदलाव लाने की तैयारी की जा रही है। भगवान राम को कंदमूल, बेर सहित कई तरह के आदिवासी भोजन प्रिय थे। इसलिए, उनके 56 भोग में जंगल और आदिवासियों की भोजन सामग्री शामिल की जाएगी।

पुजारियों के लिए भी नया ड्रेस कोड होगा। वे पीली चौबंदी, सफेद धोती और केसरिया पटका पहनेंगे। धर्मशास्त्रों के अनुसार, पुजारियों को ऐसे वस्त्र नहीं पहनने चाहिए, जिनमें पांव या सिर डालना होता है। अभी पुजारी केसरिया कुर्ता और धोती पहनते हैं।

नई पूजा-अर्चना, शृंगार में उत्तर और दक्षिण भारत के मंदिरों की परंपराओं का समन्वय दिखाई देगा। पूजा पद्धति के लिए खास पुस्तक भी तैयार कराई गई है। इसमें उत्तर और दक्षिण भारतीय परंपराओं के अनुसार श्रीरामलला की अर्चना के लिए स्तुतियों को लिखा गया है।

नीतिगत रूप से अर्चनाओं का क्रम तय हो गया है। कुछ प्रशिक्षुओं को मंदिर में पुजारियों के साथ लगाया गया है। गर्भगृह में पूजा की जिम्मेदारी देने के पहले उन्हें कई तरह के प्रशिक्षण दिए जा रहे हैं। श्रीरामलला की अष्टयाम सेवा के लिए पुजारियों का समूह बनाकर अलग-अलग समय के पूजन की जिम्मेदारी दी जाएगी। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट इन बदलावों को चैत्र नवरात्र से लाएगा।

### रोज लाखों श्रद्धालु दर्शन कर रहे, योग्य पुजारी की भर्ती पर भी विचार

प्रतिष्ठा के बाद से हर दिन लाखों श्रद्धालु मंदिर में दर्शन करने आ रहे हैं। श्रद्धालुओं की भारी संख्या, कपाट खुलने और बंद होने का समय देखते हुए ट्रस्ट और योग्य पुजारियों की भर्ती करने पर भी विचार कर रहा है।


### आम सूचना

हम श्री राजेश उधाराम जयसिंघाणी व श्रीमती ज्योति राजेश जयसिंघाणी सभी को सूचित कर रहे हैं कि समर्पण काम्पलेक्स, 1ला मजला, फ्लैट न. 107, पावर हाऊस के सामने, हीराघाट, होटल डर्बी रोड, सेक्शन 17, उल्हासनगर-3. (टैक्स नं. 31सीओ007460400) उक्त प्रॉपर्टी मैंने श्री अजय हरीलाल हिंदुजा के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट द्वारा हमें खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद हम अपने नाम करवाना चाहते हैं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री राजेश उधाराम जयसिंघाणी**
**व श्रीमती ज्योति राजेश जयसिंघाणी**

### आम सूचना

मैं श्रीमती विद्या गिरधारीलाल आहुजा सभी को सूचित कर रही हूं कि बैरक नं. 256(बी), आन प्लाट, झुलेलाल मंदिर के पीछे, रुम नं. 5 (पोरशन), उल्हासनगर-1. (टैक्स नं. 18बीआय016025900) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती चांदनी गिरधारीलाल सचदेव और अन्य चार जनों के नाम पर है। उन्होंने रिलीज एग्रीमेंट दि. 2.2.2024 सी.नं.49 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती विद्या गिरधारीलाल आहुजा**

**संक्षेप...**

## सत्संग में गया परिवार, बंद घर में हो गई चोरी

**कल्याण.** कल्याण में एक रिक्शा चालक को सत्संग में जाना काफी महंगा पड़ गया। सत्संग से वापस आने के बाद पता चला कि चोरों ने घर की सफाई कर कीमती जेवरात और नकदी पर हाथ साफ कर दिया है। घटना कल्याण पूर्व के कोलसेवाड़ी थाना क्षेत्र की है। साईराज कॉलोनी, कल्याण पूर्व के रहने वाले रिक्शा चालक राजकुमार बबनप्रसाद राम परिवार के साथ एक सत्संग में गए थे। घर में ताला बंद था। इसी का फायदा उठाकर अज्ञात चोरों ने घर का ताला तोड़कर अलमारी में रखे कीमती आभूषण और नकदी चुरा ले गए। लौटने के बाद रिक्शा चालक राजकुमार को पता चला कि घर में चोरी हो गई है। उन्होंने कोलसेवाड़ी थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज करने के बाद अज्ञात चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

# ग्रॅण्ड सेंट्रल पार्क वरिष्ठों व बच्चों के लिए होगा आनंददायी -CM शिंदे

- मुख्यमंत्री के हाथों से उद्यान का शुभारंभ
- मुख्यमंत्री ने उद्यान का नामकरण 'नमो द ग्रॅण्ड सेंट्रल पार्क' करने का दिया आदेश



धर्मेंद्र उपाध्याय

**ठाणे।** राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के हाथों से मनपा व कल्पतरु समूह की ओर से बने ग्राण्ड सेंट्रल पार्क के उद्घाटन किया गया।मुख्यमंत्री ने कहा कि आज के भाग दौड़ के जीवन में इस तरह के पार्क का होना महत्वपूर्ण है।विधायक संजय केलकर ने कहा कि देश का नाम पूरी दुनिया में रोशन करने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नाम 'नमो द ग्राण्ड सेंट्रल पार्क करने के लिए मुख्यमंत्री से कहा इस पर अमल करते हुए मुख्यमंत्री ने पार्क का नाम करण कर दिया।

मनपा क्षेत्र के अंतर्गत कोलशेत परिसर में 20.5 एकड़ जमीन पर ग्राण्ड सेंट्रल पार्क के उद्घाटन समारोह में शिक्षण मंत्री दिपक केसरकर,विधायक संजय केलकर, विधायक प्रताप सरनाईक, पूर्व विधायक रवींद्र फाटक, पूर्व महापौर नरेश म्हस्के, एच. एस. पाटील, मिनाक्षी शिंदे, पूर्व उपमहापौर पल्लवी कदम, पूर्व स्थायी समिती सभापती संजय भोईर,पूर्व नगरसेवक संजय वाघुले, संदीप लेले, उषा भोईर, भूषण भोईर, सिद्धार्थ ओवलेकर, महापालिका आयुक्त अभिजीत बांगर, जिल्हाधिकारी अशोक शिनगारे, अतिरिक्त आयुक्त (1) संदीप मालवी, अतिरिक्त आयुक्त (2) प्रशांत रोडे, उपायुक्त उमेश बिरारी, उपायुक्त मिताली संचेती, कल्पतरू डेव्हलपर के मोफतराज मुनोत आदी उपस्थित थे।उद्घाटन के बाद क्यू आर कोड से स्कैन कर विदेशी पौधों की जानकारी ली। राज्य का सबसे बड़ा यह पहला पार्क है।इसमें 3500 पौधारोपण किया गया है।इसको कल्पतरु डेवलपर्स ने टीडीआर के माध्यम से तैयार किया है मनपा का इसमें आर्थिक सहायता बिल्कुल नहीं है यह बात मुख्यमंत्री ने कहा।

# BSUP के 461 लाभार्थियों के लिए निकाली गई लॉटरी



- बीएसयूपी योजना में दिए जाएंगे घर

उल्हास विकास संवाददाता

**कल्याण.** सड़क विस्तारिकरण परियोजना में प्रभावित 461 लाभार्थियों के लिए गुरुवार को लॉटरी निकाली गई। इस दौरान कल्याण के आचार्य अत्रे रंगमंदिर में मनपा की आयुक्त डा.इंदुरानी जाखड़, अतिरिक्त आयुक्त मंगेश चितले, सिटी इंजीनियर अर्जुन अहिरे, मालमत्ता की उपायुक्त वंदना गुलवे एवं मुख्य उद्यान अधीक्षक संजय जाधव सहित मनपा के तमाम अधिकारी और लाभार्थी मौजूद थे।

कल्याण मनपा अतिरिक्त आयुक्त मंगेश चितले और मालमत्ता की उपायुक्त वंदना गुलवे के मार्गदर्शन में बीएसयूपी परियोजना के 461 लाभार्थियों के लिए घरों की लॉटरी निकाली गई। मनपा आयुक्त डॉ.इंदुरानी जाखड़ ने बताया कि दो महीनों से इसका नियोजन किया जा रहा था। आज पहले चरण में 461 विस्थापितों के लिए लाट्री निकाली गई है। बतादें कि कल्याण-डोंबिवली महानगर पालिका क्षेत्र में सड़क विस्तारीकरण परियोजना में बाधित हुए लोगों के पुनर्वसन के लिए बीएसयूपी योजना में घर दिए जाने की बात कही गई थी। हालांकि शहर में कई सालों से बीएसयूपी की इमारतें बनकर तैयार है, जिसमें कुल साढ़े आठ हजार घर हैं। मनपा के अनुसार इसके पहले कुछ लोगों को मकान मिल भी चुका है, लेकिन अभी सैकड़ों लाभार्थी अपने अधिकार से वंचित है। समय-समय पर वंचित लाभार्थियों को घर देने की मांग भी की जा रही थी। लिहाजा आज गुरुवार को मनपा अधिकारियों की मौजूदगी में घरों की लॉटरी निकाली गई, जिसमें में बीएसयूपी के 461 लाभार्थियों के नाम की चिट्ठी निकली है।

- दो महीनों से किया जा रहा था नियोजन- आयुक्त डा.इंदुरानी जाखड़

## महाराष्ट्र महोत्सव में नरेश मणेरा के कार्यों की सराहना



**ठाणे.** शहर स्थित घोडबंदर रोड परिसर में महाराष्ट्र महोत्सव का आयोजन पूर्व उपमहापौर नरेश मणेरा लगातार 11 साल से करते आ रहे है।इस कार्यक्रम को करने का मात्र मकसद है कि आज तनावपूर्ण स्थिति में नागरिकों को मनोरंजन मिले।यह बात शिवसेना ठाणे लोकसभा संपर्क प्रमुख मधुकर देशमुख ने कहा. 1986 में मनपा का स्थापना हुआ था और शहर के पहले उपमहापौर बनने का अवसर नरेश मणेरा को मिला।पिछले 38 साल से जनता की सेवा कर रहे हैं।इस महोत्सव में महाराष्ट्र की लोकधारा और संस्कृति का अनुभव मिलता है।इसमें शरीर सौष्ठव स्पर्धा,कोली नृत्य,संगीत देखने को मिलेगा।स्वर्गीय धर्मवीर आनंद दिघे के आदेशों का निर्वाह करने वाले शिष्य नरेश मणेरा घोडबंदर रोड परिसर में बड़े पैमाने पर विकास कार्य कर रहे हैं।

# ठाणे क्रेडाई-MCHI की 16 से 19 तक प्रॉपर्टी प्रदर्शनी

**100 से अधिक गृहप्रकल्प होंगे शामिल**

उल्हास विकास संवाददाता

**ठाणे.** ठाणे क्रेडाई एमसीएचआई के अध्यक्ष जितेंद्र मेहता ने एक पत्रकार परिषद लेकर प्रापर्टी 2024 के भव्य महोत्सव की जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि साल 2023 में देश की अर्थव्यवस्था में तेज गति हुआ है। इसलिए 2024 में 16 फरवरी से 19 तक चलने वाले प्रापर्टी गृह उत्सव को अच्छा प्रतिसाद मिलने का आसार हैं और बड़े पैमाने पर घर विक्री होगा। इस महोत्सव के माध्यम से घर लेने वाले परिवार को उसके बजट में घर उपलब्ध होगा।

यह रेमंड कंपनी के मैदान में सुबह 11 से शाम 7:30 मुफ्त में प्रवेश दिया जायेगा।क्रेडाई-एमसीएच आय के पूर्व अध्यक्ष अजय आशर ने कहा कि इस उत्सव के माध्यम से नागरिकों का उनके आशियाना का सपना पूरा हो रहा है।इस प्रदर्शनी समिती के अध्यक्ष संदीप माहेश्वरी ने कहा कि इसके जरिए ग्राहकों को घर के पर्याय के लिए कर्ज उपलब्ध आसानी से दिलाया जाता है। एमसीएच आय के सचिव मनीष खंडेलवाल ने कहा कि नये तरीक़े से मार्केटिंग कर मजबूत व्यवसाय किया जा रहा है।

शहर में 100 से अधिक गृहप्रकल्प, 15 से अधिक बैंक का समावेश, 20 हजार से अधिक लोगों का इस महोत्सव में शामिल होने की संभावना।

इस प्रदर्शनी का 21वां साल है इसकी पहली प्रदर्शनी स्वर्गीय धर्मवीर आनंद दिघे के उपस्थिति में हुआ था। इसका उद्घाटन राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के हाथों से 16 फरवरी को सुबह 11 बजे किया जायेगा इसमें रेमंड कंपनी के संचालक गौतम सिंघानिया, मनपा आयुक्त अभिजीत बांगर, जिलाधिकारी अशोक शिनगारे, पुलिस आयुक्त आशुतोष डुंबरे आदि उपस्थित रहेगें।



## दुर्गाड़ी के पास नशे में धुत कार चालक ने 7-8 लोगों को रौंदा



**कल्याण.** गुरुवार को कल्याण के दुर्गाडी किले के पास नशे में धूत एक कर चालक ने 7 से 8 लोगों को रौंदते हुए पुलिस चौकी को जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें 7 से 8 लोग घायल हो गए हैं, वहीं कुछ गाड़ियों का भी नुकसान हुआ है। मौके पर तैनात धीरज सोनवणे नामक ट्रैफिक वार्डन ने बताया कि टाटा हेक्सा गाड़ी का चालक सागर शांताराम जोहरे नशे की हालत में था। वह भिवंडी से कल्याण की ओर आ रहा था। दुर्गाडी सर्कल पर उसने 7 से 8 लोगों को कुचल दिया और गाड़ी लेकर सीधा पुलिस चौकी में घुस गया। इसके बाद ड्यूटी पर मौजूद ट्रैफिक पुलिसकर्मियों ने उसे पकड़कर बाजारपेठ पुलिस के हवाले किया। फिलहाल चालक को हिरासत में लेकर बाजारपेठ पुलिस जांच कर रही है।

# भिवंडी में माता की चौकी का भव्य आयोजन



उल्हास विकास संवाददाता

**भिवंडी.** जय माता दी जनसेवा संस्था द्वारा अयोजित 15 वा माँ वैष्णोदेवी की भव्य चौकी का आयोजन श्री स्वामीनारायण मंदिर ग्राउंड नजराना भिवंडी में बड़े उमंग और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ. तकरीबन 6500 से भी अधिक भक्तो ने माता की चौकी एवम महाप्रसाद का लाभ उठाया.

चौकी में सुर साम्राज्ञी मशहूर भजन गायिका श्रीमती प्रीति पठानिया ने अपने भजनों से सभी माता भक्तो को मंत्रमुग्ध कर दिया था. चौकी में भिवंडी के भाजपा भिवंडी पश्चिम के आमदार महेश चौघुले, पूर्व नगरसेवक सुमित पाटिल, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष महेश चौगुले,पूर्व आमदार रूपेश म्हात्रे, युवा नेता मयूरेश विलास पाटिल, जिजाऊ सामाजिक संस्था के निलेश सांबरे, भिवंडी शिवसेना उद्धव गट के शहर अध्यक्ष प्रसाद पाटिल, शिवसेना शहर अध्यक्ष शिंदे गट सुभाष माने,उद्योगपति साईनाथ भाऊ पवार, कृष्णा गाजंगी भिवंडी निजामपुरा वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक संतोष आव्हाड जैसे गणमान्य व्यक्तियों ने माता की चौकी में अपनी उपस्थिति दर्ज की और संस्था के कार्यों की खूब प्रशंशा की.

नगरसेवक सुमित पाटिल से जानकारी मिली की भिवंडी के सांसद और दिल्ली में भारत सरकार के कैबिनेट मंत्री कपिल पाटिल साहेब अपने साथी मंत्रियों के साथ यूट्यूब पर माता की चौकी का लाइव प्रसारण देख रहे है. चौकी के सूत्र संचालक एवम संस्थापक पराग मेहता ने सभी भक्तो से मोबाइल की फ्लैश लाइट चालू करके भक्तो से माता के जयकारों और आरती गवा कर भक्तो में एक नई ऊर्जा भर दी. संस्था सभासद सुरेश कारेकर, प्रशांत जाधव, प्रशांत तन्ना, गणेश व्यास, जयकिशन चांगलानी, महेश कामीनवार, राकेश परदेशी, विजय तेजे, अक्षय पाठारी, पिंटू रायचा, भोला मंडल, पराग मेहता और सभी महिला सदस्यो ने अपार मेहनत कर के चौकी को सफल बनाया साथ ही संस्थापक पराग मेहता से जानकारी मिली 15 साल से संस्था मां वैष्णोदेवी की यात्रा और चौकी का आयोजन कर रहा है अब तक हजारों भक्तो ने इस का लाभ उठाया है। संस्था गणपति विसर्जन में गणेश भक्तो के लिए 50 हजार से भी अधिक चाय कप का वितरण, गुड़ी पाडवा में स्वागत यात्रा, बाबा साहेब आंबेडकर जयंती में पानी का वितरण इत्यादि समाज सेवा के कार्य करती है।

# कल्याण पूर्व में अवैध इमारत पर चला बुलडोजर

**कल्याण.** कल्याण-डोंबिवली महानगर पालिका ने कल्याण पूर्व के तिसगांव स्थित आरके बाजार की अवैध इमारत पर बुलडोजर चलाया। मनपा द्वारा अवैध घोषित करने के बाद लंबे समय से इमारत पर कार्रवाई की तलवार लटकी हुई थी। आखिर बुधवार को मनपा 4/जे वार्ड की सहायक आयुक्त सविता हिले की अगुवाई में मनपा के तोड़ू दस्ते ने इमारत को जमींदोज़ करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। बतादें कि कल्याण पूर्व के तिसगांव स्थित प्रसाद होटल के



पास करीबन 6 हजार स्क्वायरफ़ीट जमीन पर एक मंजिला इमारत में आरके बाजार नामक स्टोर शुरू था। जानकारी के मुताबिक इमारत अवैध होने की शिकायत मनपा प्रशासन से की गई थी। कागज़ी कार्रवाई और जांच के बाद मनपा ने इमारत को अनाधिकृत घोषित किया था। इसके बावजूद कार्रवाई करने में काफी समय लग गया था। हालांकि इससे पहले भी प्रशासन ने हथौड़ा चलाया लेकिन वह केवल दिखावा था। आखिरकार इस अवैध निर्माण को गुरुवार के दिन पूरी तरह से जमीदोंज कर दिया गया। सहायक आयुक्त ने भारी दलबल के साथ इमारत पर कार्रवाई की। इस दौरान कोलसेवाड़ी पुलिस की तरफ से कड़ी सुरक्षा-व्यवस्था तैनात की गई थी।

## अज्ञात लोगों ने धारदार हथियार से फल विक्रेता पर किया हमला

**भिवंडी.** पाइपलाइन के पास, बिलाल मस्जिद के सामने 2 अज्ञात लोगों ने एक फल विक्रेता पर धारदार हथियार से वार करके गंभीर रूप से घायल कर दिया.

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार फल विक्रेता मनोज कुमार रामनारायण मौर्या (50) बुधवार को 5.30 बजे के करीब पाइप लाइन के पास, शांतिनगर स्थित बिलाल मस्जिद के सामने से गुजर रहे थे. जहां 2 अज्ञात लोगों ने उनके साथ गालीगलौज करते हुए मारपीट करने लगे. मनोज कुमार के प्रतिकार करने उनमें से एक आरोपी ने धारदार हथियार से उनके पेट व कमर पर हमला कर दिया. इस हमले में वे गंभीर रूप से घायल हो गए. इस दौरान उनका मोबाइल व घर की चाभी गायब हो गई. शांतिनगर पुलिस ने 2 अज्ञात लोगों के खिलाफ भादंसं की धारा 326, 323, 427, 34 के तहत अपराध दर्ज किया है. पुलिस उप निरीक्षक योगेश घोडके मामले की विस्तृत जांच कर रहे हैं.

## फीस लेकर भी सोनाक्षी पर कार्यक्रम नहीं करने का आरोप

- अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा की मैनेजर फरार घोषित

मुरादाबाद सेशन कोर्ट ने फिल्म अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा की मैनेजर मालविका पंजाबी, धोमिल ठक्कर और एडगर्ल सकारिया को फरार घोषित किया है। तीनों के खिलाफ पहले से ही गैरजमानती वारंट जारी है। इसके बावजूद कोर्ट में पेश नहीं होने पर कोर्ट ने इन्हें फरार घोषित कर दिया है।

मामले में सोनाक्षी सिन्हा भी आरोपी हैं। लेकिन उन्हें हाईकोर्ट से स्टे मिला होने की वजह से उनके खिलाफ फिलहाल कोई कार्रवाई नहीं हुई है। एडवोकेट पीके गोस्वामी ने बताया कि प्रमोद शर्मा ने सोनाक्षी सिन्हा का एक प्रोग्राम मुरादाबाद में कराने के लिए सोनाक्षी सिन्हा की मैनेजर मालविका पंजाबी से संपर्क किया था।

पूरी बातचीत मालविका पंजाबी, धूमिल ठक्कर, अभिषेक सिन्हा और एडगर्ल सकारिया के जरिए हुई थी। कार्यक्रम की पूरी फीस भी प्रमोद शर्मा ने चुका दी थी। इसके बावजूद सोनाक्षी सिन्हा प्रोग्राम में नहीं आईं। इस मामले में 22 फरवरी 2019 को प्रमोद शर्मा ने कटघर थाने में सोनाक्षी सिन्हा, मालविका पंजाबी, धूमिल ठक्कर, एडगर्ल सकारिया और अभिषेक सिन्हा के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी।

इस एफआईआर के खिलाफ आरोपी हाईकोर्ट चले गए थे। हाईकोर्ट से सभी को उस वक्त राहत मिल गई थी। बाद में पुलिस ने विवेचना पूरी करके सभी आरोपियों के खिलाफ 20 मई 2020 को कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल कर दिया था। इसके खिलाफ सोनाक्षी सिन्हा फिर से हाईकोर्ट गई थीं। उन्हें इसमें रिलीफ मिल गया था।



# मुंबई यूनिवर्सिटी ने ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी 'बेस्ट फिजिक' प्रतियोगिता में 4 पदक जीते

**एसएसटी कॉलेज के खेल निदेशक प्रो.राहुल अकुल एवं डॉ.तुषार वाकसे का उत्कृष्ट प्रदर्शन**





**उल्हासनगर.** हाल ही में कालीकट यूनिवर्सिटी, कालीकट में आयोजित ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी 'बेस्ट फिजिक' प्रतियोगिता में मुंबई यूनिवर्सिटी के एथलीटों ने शानदार प्रदर्शन किया और व्यक्तिगत खेलों में चार पदक जीते। इस टूर्नामेंट में देशभर के 150 से अधिक विश्वविद्यालयों के 500 से अधिक एथलीटों ने अपनी भागीदारी दर्ज कराई है। मनीष इंगोले ने 65 किलोग्राम वजन समूह और विनायक कुर्ले ने 75 किलोग्राम वजन समूह में स्वर्ण पदक जीता। पवन पाटिल ने 60 किलोग्राम भार समूह में रजत पदक और अम्बाजी बोडे ने 75 किलोग्राम भार समूह में कांस्य पदक जीता। जबकि टीम वर्ग में मुंबई यूनिवर्सिटी को रनर अप ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। मुंबई यूनिवर्सिटी टीम के टीम मैनेजर के रूप में एसएसटी कॉलेज के खेल निदेशक प्रो. राहुल अकुल प्रशिक्षक के रूप में एवं डॉ. तुषार वाकसे ने कोच के रूप मे अच्छा प्रदर्शन किया। खिलाडियो ने अपने इस सफलता का श्रेय मुंबई युनिव्हर्सिटी के क्रीडा संचालक डॉ.मोहन अमृले इन के द्वारा दी गई प्रेरणा तथा टीम के कोच और टीम मॅनेजर इनके मार्गदर्शन को दिया। टीम की इस जीत के लिए मुंबई यूनिवर्सिटी के खेल निदेशक डॉ. मोहन आमृले, विभिन्न महाविद्यालयों के प्राचार्य, प्रबंधन, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने बधाई दी।

# अवैध कनेक्शन जोड़कर बिजली चोरी

**भिवंडी.** टोरेंट पावर कंपनी के अधिकृत इनकमिंग केबल से अवैध रूप से कनेक्शन जोड़कर 5010 यूनिट बिजली चोरी का मामला उजागर हुआ है. टोरेंट पावर की शिकायत पर शांतिनगर पुलिस ने 2 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है.

टोरेंट पावर के एक्जीक्युटिव स्वप्निल श्रीहरी पावडे ने शांतिनगर पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि बिजली ग्राहक अब्दुल वाहित मोहम्मद लतीफ चौधरी व




बिजली उपभोक्ता शाहिद चौधरी के खिलाफ बिजली चोरी की शिकायत दर्ज कराई है. आरोपियों ने ओल्ड लकड़ा मार्केट, नवी बस्ती, फेमस शटर शाप के ऊपर घर नं. 1793, रूम नं. 4, बिजली मीटर नंबर B22364410 के बाक्स में टोरेंट पावर कंपनी के अधिकृत इनकमिंग केबल से अवैध रूप से कनेक्शन जोड़कर 3 दिसंबर 2022 से 12 जुलाई 2023 के दरम्यान 5010 यूनिट बिजली चोरी की है. इन लोगों ने टोरेंट पावर कंपनी को 1 लाख 849 रुपए का चूना लगाया है. शांति नगर पुलिस ने विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत अपराध दर्ज किया है. सहायक पुलिस निरीक्षक घोलप मामले की जांच कर रहे हैं.

## कोर्ट परिसर में बाइक पार्किंग को लेकर विवाद

**भिवंडी.** बुधवार को दोपहर में 3.40 बजे के करीब आरोपी मनोज गुलवी ने भिवंडी न्यायालय परिसर में बाइक पार्किंग की. वहां पर मौजूद सिक्युरिटी गार्ड तबरेज अहमद औरंगजेब अंसारी (28) ने उन्हें न्यायालय परिसर में बाइक पार्किंग करने से मना किया. इस पर गुलवी नाराज हो गए और गालीगलौज करने लगे. उन्होंने सिक्युरीट गार्ड से अपमानास्पद टिप्पणियां भी कीं. तबरेज अंसारी की शिकायत पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है.

Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel
उल्हास वि NEWS
आपकी आवाज 15 सेकंड का वीडियो 9322233577
इस नंबर पर भेजकर हमारे न्यूज के जरिए अपनी समस्या प्रशासन तक पहुंचाएं।

संस्थापक संपादक- स्व. श्री अशोक उकाराम बोधा
लोकप्रिय हिंदी दैनिक उल्हास विकास
ULHAS VIKAS Hindi Daily By :- HERO ASHOK BODHA
www.ulhasvikas.com (Editor in Chief)
21Lakhs THANK YOU Viewer's
21,00,000
उल्हास वि NEWS ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now
Thank you
Pageviews yesterday 2,763
Pageviews last month 76,471
Pageviews all time history 1,007,712
Followers 168

यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099